आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 08.12.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में आज से शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। श्रद्धालु अब चारों धामों के शीतकालीन गद्दी स्थलों पर जाकर दर्शन कर सकेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान की ऊर्जा–शक्ति बनने का आह्वान किया।
- देहरादून में बारह दिसंबर से शुरू होने जा रहे वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 2024 की तैयारियां जोरों पर।
- और .... मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रुद्रप्रयाग को साइंस सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

..................................................

शीतकालीन यात्रा

उत्तराखंड में आज से शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। श्रद्धालु अब चारों धामों के शीतकालीन गद्दी स्थलों पर जाकर दर्शन कर सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान केदारनाथ के शीतकालीन गद्दीस्थल, रूद्रप्रयाग स्थित ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ से इसका शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा की सुविधाओं के विकास के लिए आवश्यक प्रयास करेगी।

इससे पहले, कल रात रुद्रप्रयाग में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को शीतकालीन चारधाम यात्रा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। शीतकालीन यात्रा को लेकर भी सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही है। आगामी दिनों में चार धाम यात्रा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक भी की जानी है।

शीतकालीन चारधाम यात्रा की पहल से क्षेत्र में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने और श्रद्धालुओं को उत्तराखंड के शीतकालीन परिदृश्य के शांत आकर्षण का अनुभव मिलने की उम्मीद है।

..................................................

आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान की ऊर्जा–शक्ति बनने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने कहा कि अगले महीने विकसित भारत युवा नेता संवाद आयोजित किया जायेगा, जो युवाओं को विचारों के आदान–प्रदान का मंच देगा।

श्री मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे विश्व में लोकप्रिय हुआ है और यह पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढावा दे रहा है।

.................................................

प्रसार भारती वेव

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि दूरदर्शन का वेव ओटीटी प्लेटफॉर्म परिवार के हर सदस्य के स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराएगा। अहमदाबाद दूरदर्शन केंद्र के दौरे में उन्होंने कहा कि वेव ओटीटी प्लेटफार्म से दर्शकों को दूरदर्शन के पुराने शास्त्रीय और लोकप्रिय कार्यक्रमों का आनन्द उठाने का भी अवसर मिलेगा।

.................................................

वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस

देहरादून के परेड मैदान में आयुर्वेद और परंपरागत चिकित्सा ज्ञान का संगम– वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो 2024 बारह दिसंबर से शुरू हो रहा है। विश्व स्तरीय इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ आयुर्वेद के हर एक पहलु पर बात करेंगे। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सक सामान्य लोगों को आयुर्वेद उपचार भी उपलब्ध कराएंगे। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने कहा कि विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो–2024 परंपरागत आयुर्वेद चिकित्सा को समझने और जानने के लिए एक बेहतरीन अवसर है। देवभूमि में आयुर्वेद के विभिन्न पहलुओं पर विचार मंथन निश्चित तौर पर सभी के लिए उपयोगी साबित होगा।

.................................................

साइंस सिटी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि रुद्रप्रयाग को साइंस सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में नई पीढ़ी को विज्ञान से जोड़कर मानव कल्याण के लिए लघु स्तर पर उद्योग और प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा। रुद्रप्रयाग के सारी गांव में जनता को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि बोली–भाषा को संरक्षित करने के साथ ही पारम्परिक घरों को संग्रहित करने पर जोर दिया। उन्होंने सभी लोगों से अपनी जड़ों को मजबूत करते हुए बोली–भाषा और संस्कृति के प्रचार–प्रसार के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

.................................................

राशन स्टॉक के निर्देश

प्रदेश के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में सर्दियों के मौसम के रान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रशासन, आनंद स्वरूप ने सभी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को बर्फबारी वाले स्थानों पर अगले दो से तीन महीने के राशन का स्टॉक करने को कहा है। बर्फबारी के कारण अवरूद्ध होने वाले मार्गों को खोलने के लिए पर्याप्त मशीनों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। श्री स्वरूप ने कहा कि पहाड़ों में पाले के कारण सड़कें बेहद

खतरनाक हो जाती हैं, ऐसे में सड़क हादसों को रोकने के लिए पालाग्रस्त क्षेत्रों में सड़कों पर चूने तथा नमक का छिड़काव किया जाए तथा साइन बोर्ड लगाकर लोगों को संभावित खतरे के प्रति सचेत किया जाए।

..................................................

विजय दिवस

देश में हर वर्ष 16 दिसंबर विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय के चलते 16 दिसंबर को यह दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में प्रदेश में विजय दिवस मनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। इसको लेकर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को सभी जरूरी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि 16 दिसंबर को देहरादून के गांधी पार्क में विजय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं और आश्रितों को सम्मानित भी किया जाएगा।

..................................................

निर्देश

मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए बागेश्वर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में असहाय लोगों और राहगीरों को ठंड से राहत दिलाने के लिए सार्वजनिक स्थानों में आलाव जलाने और रेन बसेरों में गर्म कम्बल, रजाई की उचित व्यवस्था करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

..................................................

और अब संक्षिप्त समाचार———

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दुर्बल आय वर्ग के 92 लोगों को हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की ओर से भवनों का आवंटन किया गया। आवंटन का कार्य हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के सचिव की देख रेख में किया गया।

बागेश्वर जिले में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने पर्यटन विभाग को साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के साथ ही युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने के निर्देश दिए।

बागेश्वर नगर के स्थानीय निकायों की निर्वाचन नामावली में नाम शामिल करने को लेकर जिलाधिकारी ने जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जिले की सभी नगर निकायों की निर्वाचक नामावलियों में उन सभी लोगों के नाम शमिल किए जाने हैं जो एक जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये प्रक्रिया नामांकन के अंतिम तिथि तक चलेगी।

इन दिनों राजाजी पार्क पर्यटकों से गुलजार है। पार्क की चीला रेंज के मुंढाल क्षेत्र में बाघ के दीदार कर पर्यटक बेहद रोमांचित नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि चीला रेंज प्रोजेक्ट एलिफैंट के लिए भी जानी जाती है।

..................................................